## राज्यसमाचार

### राजस्थान

#### जयपुर का सांगानेर एयरपोर्ट दिल्ली का विकल्प बनेगा

- जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकल्प के रूप में तैयार किए जाने की कवायद तेजी से चल रही है। जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे पर इन दिनों इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट से जुड़े कई काम कराए जा रहे हैं।

### ओडिशा

#### पुरी में बॉटल री-साइक्लिंग मशीन

- स्वच्छ भारत अभियान को बल देते हुए पूर्वतट रेलवे के पुरी रेलवे स्टेशन में बॉटल री-साइक्लिंग मशीन लगाई गई। इस मशीन के लग जाने से पवित्र पुरी शहर के रेलवे स्टेशन परिसर और रेल पटरियों को प्लास्टिक कचड़े से मुक्ति मिलेगी।

## राष्ट्रीयसमाचार

#### मंडी आश्वासन योजना के मसौदे में सुधार की जरूरत

- कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी देने वाली मंडी आश्वासन योजना के मसौदे में अभी बहुत सुधार की जरूरत है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मसौदे पर विचार करने के बाद इसके प्रावधानों में माकूल तब्दीली की जरूरत बताई है। मंत्रालय के अफसरों से कहा गया कि अभी इस मसौदे को और रिफाइन करने की गुंजाइश है।

#### डिफेंस एक्सपो-2018: भारत पवेलियन

- चेन्नई में डिफेंस एक्सपो-2018 दुनिया भर से आए रक्षा क्षेत्र के व्यापारियों के लिए खोल दिया गया है। चार दिनों की इस प्रदर्शनी में भारत के रक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र की ताकत दिखाई जाएगी और रक्षा क्षेत्र में निजी उद्योग की बढ़ती भूमिका को भी उजागर किया जाएगा। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, अफगानिस्तान और स्वीडन, फिनलैंड, इटली, मैडागास्कर, म्यांमार, नेपाल,

पुर्तगाल, सेशेल्स और वियतनाम सहित 47 देश भाग ले रहे हैं। डिफेंस एक्सपो के इस 10वें संस्करण में पहली बार रक्षा क्षेत्र में देश की ताकत को दिखाने के लिए अलग से 'भारत पवेलियन' बनाया गया है।

## महाराष्ट्र में रत्नागिरी मेगा रिफाइनरी के लिए भारतीय कंसोर्टियम और सऊदी अरामको ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

- आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल वाले एक भारतीय कंसोर्टियम और सऊदी अरामको ने आज यहां एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। महाराष्ट्र राज्य में एक एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रोरसायन कॉम्प्लेक्स रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (आरआरपीसीएल) को संयुक्त रूप से विकसित एवं निर्मित करने के उद्देश्य से इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- सऊदी अरामको इस परियोजना में सह-निवेश करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदार को शामिल करने की भी मांग कर सकती है।उपर्युक्त रणनीतिक साझेदारी से विश्व भर में अपनी वाणिज्यिक मौजूदगी दर्ज कर चुकी इन तेल कंपनियों के अनुभव एवं विशेषज्ञता के साथ-साथ कच्चे तेल की आपूर्ति, संसाधन एवं प्रौद्योगिकियों को एकजुट करना संभव हो पाएगा।

**नोट करने के लिए:**

**सउदी अरब:**

**राजधानी और सबसे बडा़ नगर** - रियाद

**राजा** - शाह सलमान

**मुद्रा** - रियाल

## डॉ. जितेन्द्र सिंह ने वास्तविक समय पर जन शिकायतों की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन डैशबोर्ड लांच किया

- केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा विकसित किया गया एक ऑनलाइन डैशबोर्ड लांच किया। यह

डैशबोर्ड वास्तविक समय पर लोक अथवा जन शिकायतों की निगरानी करेगा और समय-समय पर प्रणालीगत सुधारों की प्रगति की समीक्षा करेगा। सुव्यवस्थित सुधारों और उनकी निगरानी के उन पैमानों को डैशबोर्ड पर दर्शाया जाता है, जो जन शिकायतों के मसलों से जुड़े होते हैं। इससे संबंधित मंत्रालयों/विभागों को इन सुधारों की निगरानी करने में मदद मिलेगी।

## मंत्रिमंडल ने अवैध प्रवासियों की वापसी पर भारत और ब्रिटेन तथा उत्तरी आयरलैंड के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अवैध प्रवासियों की वापसी पर भारत और ब्रिटेन तथा उत्ते री आयरलैंड के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी है।समझौता ज्ञापन के बाद राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा मुक्तत समझौते के साथ ही ब्रिटेन की वीजा व्येवस्थापउन लोगों के लिए उदार हो सकेगी, जो कानूनी रूप से ब्रिटेन की यात्रा कर रहे हैं।
- इससे उन लोगों की वापसी सुनिश्चित हो सकेगी , जिनके पास नागरिकता के सत्यान्पन के बाद दूसरे के क्षेत्र में रहने के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है।इससे ऐसे नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी, जो एक निर्दिष्टक्अवधि में दूसरे के क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से रह रहे हैं।

**नोट करने के लिए:**

**यूनाइटेड किंगडम**(ब्रिटेन)

**राजधानी और सबसे बडा़ नगर** - लंदन

**समाज्ञी** - महारानी एलिजाबेथ द्वितीय

**प्रधानमन्त्री** - थेरेसा मे

**मुद्रा** - पाउण्ड स्टर्लिंग

## नियुक्तियां

### ICMR के महानिदेशक: एम्स के डॉ. बलराम भार्गव

- केंद्र सरकार ने एम्स के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बलराम भार्गव को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) का महानिदेशक नियुक्त किया है।

## अंतरराष्ट्रीयसमाचार

### पाकिस्तानी संसद ने कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन के विरोध में पास किया प्रस्ताव

- कश्मीर में कथित मानवाधिकार के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तानी संसद ने बुधवार को एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव में पाकिस्तान ने मांग की है कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग कश्मीर इलाक़े में अपनी एक टीम भेजे और मानवाधिकार के उल्लंघन की जांच करे।

### फिजी में चक्रवात केनी(Keny)

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यालय (एनडीएमओ) ने कहा कि फिजी में एक दिन पहले आए उष्णकटिबंधीय चक्रवात से भारी बारिश व विनाशकारी हवाओं से 18,000 से ज्यादा लोग अभी भी राहत केंद्रों में हैं।

## व्यापार समाचार

### कॉमनवेल्थ देशों में सबसे ज्यादा FDI भारत में आ रहा

- कॉमनवेल्थ देशों से सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) भारत में आ रहा है। यही नहीं, कॉमनवेल्थ देशों में ब्रिटेन के बाद निवेश हासिल करने के लिए दूसरा सबसे आकर्षक स्रोत भी भारत ही है।

## ADB :2018-19 में भारतीय विकास दर 7.3% रहेगी

- देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2018-19 में 7.3 प्रतिशत रहेगी, जो अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7.6 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी।एडीबी (एशियाई विकास बैंक) का कहना है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा बैंकिंग सुधारों की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी।

## खेल समाचार

### CWG 2018: श्रेयसी सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

- श्रेयसी ने महिलाओं की डबल ट्रैप स्पर्धा के फाइनल्स में पहला स्थान हासिल कर सोना जीता।

### CWG 2018: अंकुर ने पुरुष डबल ट्रैप में जीता कांस्य

- अंकुर ने 53 अंक हासिल करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता।